# निवेश की बड़ी घोषणाएं करेंगे देश के प्रमुख उद्योगपति

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में मुकेश अंबानी, गौतम अदाणी, सज्जन जिंदल, कुमार मंगलम बिड़ला, आनंद महिंद्रा और गोदरेज शामिल होंगे

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT
New India's Growth Engine

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस-23) के पहले दिन 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में देश के प्रमुख उद्योगपति यूपी में निवेश की बड़ी घोषणाएं करेंगे।

जीआईएस के उद्घाटन सत्र में रियालंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी आगामी चार वर्ष में करीब डेढ़ लाख करोड़ और अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी एक लाख करोड़ के निवेश की घोषणा कर सकते हैं। बिड़ला ग्रुप के कुमार मंगलम बिड़ला, महिंद्रा एंड महिंद्रा के आनंद महिंद्रा, टाटा संस के एन. चंद्रशेखरन सहित देश के प्रमुख उद्योगपति भी बड़े निवेश का एलान करेंगे।

**बाराबंकी में प्लांट लगाएगा गोदरेज समूह :** गोदरेज ग्रुप की ओर से यूपी में 4 कारखाने स्थापित किए जाएंगे। गोदरेज प्रॉपर्टी के क्षेत्र में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

### रिलायंस ग्रुप जिलों में हेल्थ सेंटर स्थापित करेगा



मुकेश अंबानी का रिलायंस ग्रुप यूपी में आगामी चार साल में सवा लाख करोड़ से अधिक का निवेश का एलान कर सकता है। कंपनी की ओर से जिलों में एक-एक हेल्थ सेंटर स्थापित करने की योजना है। इन हेल्थ सेंटर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिये दूर-दराज के गांवों में बैठे मरीजों को सस्ता इलाज सुलभ होगा। वहीं प्रदेश में 5जी कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ सभी जिलों में जियो सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी स्थापित किए जाएंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, हाइड्रोजन और नवीनीकृत ऊर्जा के क्षेत्र में भी कंपनी निवेश करेगी।

### गौतम अदाणी करेंगे एक लाख करोड़ का निवेश



अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी जीआईएस के उद्घाटन सत्र में यूपी में आगामी चार साल में एक लाख करोड़ के निवेश की घोषणा कर सकते हैं। अदाणी समूह लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट का विस्तार करेगा। इसके अलावा 10 हजार लोगों के लिए नोएडा में नया स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करेगा। बलिया और श्रावस्ती में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रस्ताव है। यूपी में सात नए लॉजिस्टिक सेंटर, सीमेंट फैक्ट्री स्थापित करने के साथ साइलोज, स्मार्ट मीटर मैन्युफैक्चरिंग का भी प्लांट स्थापित करेगा।

### टाटा समूह

### व्यावसायिक इलेक्ट्रिक वाहन का प्लांट लगाएगा

टाटा समूह भी यूपी में आगामी चार साल में 50 हजार करोड़ के निवेश का एलान कर सकता है। समूह इलेक्ट्रिक व्यावसायिक वाहनों का प्लांट स्थापित करेगा। आगरा, वाराणसी, लखनऊ के बाद अयोध्या सहित अन्य शहरों में नए ताज होटल खोले जाएंगे। प्रदेश के प्रमुख शहरों से एयर इंडिया की ओर से विमान सेवा शुरू की जाएगी। ऊर्जा, नवीनीकृत ऊर्जा और हाइड्रोजन एनर्जी प्लांट के साथ टाटा फूड प्रोसेसिंग और सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने में भी निवेश करेगा।

**ये भी हैं प्रमुख औद्योगिक समूह :** आदित्य बिड़ला ग्रुप के कुमार मंगलम बिड़ला 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश से फूड प्रोसेसिंग प्लांट, डाटा सेंटर, वेयर हाउसिंग के क्षेत्र में निवेश की घोषणा कर सकते हैं। सज्जन जिंदल की ओर से कानपुर में एक मंदिर, नैमिषारण्य धाम के विकास, पेंट निर्माण, ईवी मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा कर सकते है। वहीं हीरा नंदानी ग्रुप की ओर से यूपी में विदेशी कंपनी के सहयोग से 40 हजार करोड़ की लागत से सेमी कंडक्टर प्लांट लगाने की घोषणा की जा सकती है।

**गोरखपुर में बनेंगे मोबाइल, लैपटॉप स्क्रीन के ग्लास :** वेदांता ग्रुप 20 हजार करोड़ के निवेश की घोषणा कर सकता है। ग्रुप गोरखपुर में ग्लास मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगा। प्लांट में मोबाइल और लैपटॉप की स्क्रीन में लगने वाले ग्लास बनाए जाएंगे। कंपनी नोएडा में इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट भी स्थापित करेगी।

## चंडीगढ़ रोड शो में मिले दस हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

**लखनऊ।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के लिए चंडीगढ़ में शुक्रवार को आयोजित अंतिम रोड शो में दस हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने पर करीब 20 हजार से अधिक लोगों के लिए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

रोड शो में यूनिक एनर्जीज प्रा. लि. ने 1100 करोड़, स्रो इंजीनियरिंग डिवाइसेज प्रा. लि. ने 1000 करोड़, अमर्टेक्स इंडस्ट्री ने 1000 करोड़ और स्रो इंजीनियरिंग डिवाइसेज प्रा.लि. 1000 करोड़ और माधव केआरजी प्रा.लि ने 700 करोड़ रुपये निवेश के एमओयू साइन किए। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की मौजूदगी में निवेशकों के साथ आयोजित बिजनेस टू गवर्मेंट बैठक में विभिन्न सेक्टर में 26 एमओयू हस्ताक्षरित हुए। ब्यूरो

**20,000**

से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार

### यूपी में बड़ा बदलाव आया

यूको बैंक की पहली महिला मैनेजर प्रकाश कौर अहलूवालिया ने कहा कि उनका यूपी से पुराना नाता है। उन्होंने मौजूदा उत्तर प्रदेश और 40 वर्ष पुराने प्रदेश को लेकर अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि यूपी में बड़ा बदलाव आया है खासतौर पर कानून व्यवस्था में बदलाव आया है। कॉरपोरेट ट्रेनर जगदीश खत्री ने कहा कि उनके जीवन के कई वर्ष प्रयागराज में बीते हैं। लेकिन, आज जब यूपी के बदले हुए माहौल को देखता हूं तो एक बार फिर से यूपी में काम करने की हिम्मत आई है।


